# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
## देहरादून–248008

पत्रांकः– 168 /गोपन/2026–27 दिनांकः 08 सितंबर, 2026

**विज्ञप्ति/प्रवेश–पत्र**

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की विज्ञप्ति संख्या **164/गोपन/2026–27 दिनांक 31 अगस्त, 2026** में आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक के अवशेष पदों के सापेक्ष टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है।

उक्त औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित **268** अभ्यर्थियों की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा का आयोजन दिनांक **12 व 13 सितंबर, 2026** को किया जा रहा है। उक्त टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक **08 सितंबर, 2026** से आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट पर दिये गये लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र पृथक (डाक, ई–मेल इत्यादि) माध्यम से प्रेषित नहीं किये जायेगें।

अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। अभ्यर्थियों को टंकण एवं आशुलेखन में सम्मिलित होने के लिए अपने प्रवेश–पत्र पर अंकित तिथि एवं समयानुसार निर्धारित स्थान पर फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ पहुंचना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि टंकण एवं आशुलेखन से संबंधित अर्हताओं हेतु संबंधित विज्ञापन का भली भांति अध्ययन कर लें।

(एन0एस0 डुंगरियाल)
सचिव।